झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक–06.08.2019

संख्या- **496/2019**

- हमारे लिए आज दोहरी खुशी का दिन, कश्मीर से धारा **370** हटने को है और आयुष्मान भारत योजना से टी.एम.एच अस्पताल जुड़ा- रघुवर दास, मुख्यमंत्री

जमशेदपुर/रांची

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित टी.एम.एच अस्पताल को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध करने के लिए आयोजित समारोह में कहा कि पूरे राज्य में 219 सरकारी अस्पताल तथा 429 निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध किए जा चुके हैं। इस योजना के लागू होने से अबतक राज्य के कुल 2 लाख 19 हजार 725 मरीजों का इलाज निशुल्क किया जा चुका है। इसके तहत 215 करोड़ रुपए की राशि संबधित अस्पतालों को भुगतान भी की जा चुकी हैं।

आज दोहरी खुशी का दिन

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि आज हमारे लिए दोहरी खुशी का दिन है। कल जिस तरह गृहमंत्री श्री अमित शाह ने राज्य सभा में बिल पास कर कश्मीर से धारा 370 हटाने का काम किया उसे आज लोकसभा में पास होने के बाद जम्मू कश्मीर और लद्दाख दो अलग केंद्र शासित प्रदेश बन जाएंगे। 70 साल से कश्मीर में रहने वाले पिछड़ा वर्ग के लोगों को भी अब राजनीतिक आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। इस खुशी के अवसर पर झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री श्री अमित शाह को बधाई देता हूं कि आपने इतिहास बनाने का काम किया। दूसरी खुशी आज जमशेदपुर के पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के तहत अलग से एक अस्पताल को सूचीबद्ध किया गया, मैं मानता हूं कि राज्य ही नहीं देश का पहला अस्पताल होगा जो केवल आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के लिए बनाया गया है। इसके लिए टाटा स्टील परिवार को हृदय से साधुवाद और धन्यवाद देता हूं

सरकार की जिम्मेदारी होती कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दे

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी सरकार की जिम्मेदारी होती है कि देश में रहने वाले लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान करे। इस दिशा में लोग आशा भरी निगाहों से देख रहे थे, लेकिन आजादी के

बाद पहली बार देश की करोड़ों जनता तक प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पहुंचाने का काम स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री ने किया। इस योजना का शुभारंभ भी भगवान बिरसा मुंडा की धरती, झारखंड से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 23 सितंबर 2018 को किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सदन में वादा किया था कि राज्य के 57 लाख परिवार को इस स्वास्थ्य योजना से जोड़ेंगे। इसके लिए हमारी सरकार ने 400 करोड़ रुपया राज्य के खजाना से दिया। इसका मतलब है कि राज्य में करीब 85 फीसदी परिवार को आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा। अभी तक 25 लाख लोगों का गोल्डन कार्ड बन चुका है। गोल्डन कार्ड बनाने हेतु 30 रुपया देने में जो लोग असमर्थ हैं उनको ध्यान में रखते हुए कैबिनेट से मंजूरी दिलाकर अब गोल्डन कार्ड बनाने की राशि का भुगतान राज्य सरकार करेगी। जिस तरह आधार कार्ड निशुल्क बनता है उसी तरह से गोल्डन कार्ड भी अब निशुल्क बनाया जाएगा।

पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बाइक एंबुलेंस सेवा शुरू, शहरी क्षेत्रों में मोहल्ला क्लीनिक खोलने की योजना

झारखंड प्रदेश जंगल और पहाड़ों से घिरा हुआ प्रदेश है। ऐसे में पहाड़ी क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बाइक एंबुलेंस सेवा की शुरूआत की गई है जहां एंबुलेंस वाहन नहीं जा सकते हैं। ऐसे ही शहरी क्षेत्रों के मलिन बस्ती में रह रहे लोगों के लिए मोहल्ला क्लीनिक की शुरूआत 16 अगस्त श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुरू की जाएगी। मोहल्ला क्लीनिक में दो घंटे सुबह तथा शाम में 2 घंटे डॉक्टर बैठेंगे। मोहल्ला क्लीनिक के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को उनके घर में ही स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही बहरागोड़ा में ट्रॉमा सेंटर खोला जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश स्तर पर चिकित्सकों की नियुक्ति की जा रही है वहीं मैंने सभी जिला के उपायुक्त से भी कहा है कि जिला स्तर पर भी चिकित्सकों को नियुक्त करें जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। हमारी सरकार की पूरी कोशिश है कि चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा मिले, इस सोच के साथ हमारी सरकार काम कर रही है।

सामाजिक दायित्व निभाने के मामले में टाटा परिवार का दुनिया भर में अलग पहचान

मुख्यमंत्रीने कहा कि टाटा स्टील की पहचान दुनिया भर में है, और यह पहचान सिर्फ स्टील के उत्पादक के तौर पर नहीं है बल्कि सामाजिक दायित्व निभाने में भी टाटा स्टील सबसे आगे है। टाटा घराने के सभी ने सामाजिक सेवा के उसूल को हमेशा आगे रखा है। राजधानी रांची में भी टाटा परिवार द्वारा 250 बेड के कैंसर अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है। अब राज्य के लोगों को कैंसर के इलाज के लिए मुंबई, दिल्ली या कोलकाता नहीं जाना पड़ेगा। टाटा परिवार की हमारे झारखंड में अलग पहचान है और इसी पहचान के तहत टाटा परिवार निरंतर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते रहे हैं। इसके लिए टाटा परिवार को साधुवाद देता हूं।

झारखंड के युवाओं में खेलकूद के क्षेत्र में आगे जाने की काफी संभावनायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के बेटे महेंद्र सिंह धोनी हों या बेटी अनुसूइया टेटे सभी ने अपने खेल से झारखंड का नाम रौशन किया है। कोल्हान क्षेत्र हो या संथाल क्षेत्र सभी जगहों पर फुटबॉल काफी लोकप्रिय है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने तय किया है कि पूरे राज्य के 243 कमल क्लब के माध्यम से पंचायत स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा तथा इसके लिए मैदान भी बनाया जाएगा। पंचायत स्तर पर 15 लाख रुपए की लागत से फुटबॉल मैदान बनाया जाना है जिसमें खिलाड़ियों के लिए एक कमरे का ड्रेसिंग रूम भी होगा।

सरकार के अच्छे कार्यों की प्रशंसा भी जरूरी- कुणाल षाड़ंगी

बहरागोड़ा के विधायक श्री कुणाल षांड़गी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने की कोशिश एक बेहतरीन प्रयास है। जमशेदपुर में टाटा मेन हॉस्पिटल में उच्च स्तरीय चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध है, मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि उक्त अस्पताल को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध किया जाए। टीएमएच गोलमुरी के सूचीबद्ध होने से उम्मीद करता हूं कि इस जिले के लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जा सकेगी। साथ ही कहना चाहता हूं कि एक फोन हेल्पलाइन सर्विस भी शुरू की जाए जिससे लोगों को फोन के माध्यम से पचा चल सके कि किस बीमारी का इलाज कौन से सूचीबद्ध अस्पताल में हो सकेगा।

ऐसी चिकित्सा सुविधा पूरी दुनिया में कही नहीं- लक्ष्मण टुडू

घाटशिला के विधायक श्री लक्ष्मण टुडू ने कहा कि हमारे सरकार का संकल्प गरीबी को दूर करना एवं गरीब लोगों को सहायता प्रदान करना है। इस दिशा में आयुष्मान भारत योजना के तहत टीएमएच अल्पताल गोलमुरी के सूचीबद्ध होने से उम्मीद करता हूं कि क्षेत्र के गरीब लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिल सकेगी। उम्मीद करता हूं कि फिलहाल 30 बेड से शुरू किये गए इस अस्पताल का स्वरूप बड़ा होगा तथा सभी तरह के रोगों का इलाज इस अस्पताल में हो सकेगा।

पैसा के अभाव में अब किसी गरीब की जान नहीं जाएगी- मेनका सरदार

पोटका की विधायक श्रीमती मेनका सरदार ने कहा कि टाटा स्टील पहले से ही लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में बेहतर कार्य करती आ रही है। जमशेदपुर में टाटा परिवार का एक और अस्पताल खुल जाने से उम्मीद है कि क्षेत्र के गरीब लोगों को और भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा अब प्रदान की जा सकेगी। सबका साथ-सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुए हमारी केन्द्र एवं राज्य की सरकार लगातार लोगों के जीवन की बेहतरी के दिशा में कार्य कर रही है।

टाटा परिवार के लिए ऐतिहासिक लम्हा-चाणक्य चौधरी

टाटा स्टील के उप निदेशक, कॉर्पोरेट सर्विसेज, श्री चाणक्य चौधरी ने कहा कि टाटा परिवार के लिए यह एक ऐतिहासिक लम्हा है। टाटा परिवार सामाजिक सरोकार के कार्यों में पहले से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही है। हमारे लिए गौरव का विषय है कि स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में एक और अस्पताल हम गरीब लोगों की सेवा में शुरू कर रहे हैं। टाटा परिवार अपने सामाजिक दायित्यों के निर्वहन के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। टीएमएच अस्पताल गोलमुरी में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हम हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे।

आयोजन के महत्वपूर्ण तथ्य---

★जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित टी.एम.एच अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध हुआ। 30 बेड के इस अस्पताल में 15 बेड बच्चों एवं महिलाओं तथा 15 बेड पुरुषों के लिए रखा गया है।

★इस अवसर पर सांकेतिक रूप से दो महिला चिकित्सकों को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

★जमशेदपुर, पोटका एवं घाटशिला के कमल क्लब सदस्यों के बीच 1 करोड़ रुपए की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री रविशंकर शुक्ला, वरीय आरक्षी अधीक्षक श्री अनूप बिरथरे, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्री चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक(नगर) श्री सुभाष चंद्र जाट, उप विकास आयुक्त श्री बी. महेश्वरी, अपर उपायुक्त श्री सौरभ कुमार सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री सुबोध कुमार, सिविल सर्जन श्री महेश्वरी प्रसाद तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

###

===================

#Team PRD(CMO/JAMSHEDPUR)